दिनांक : 20 अगस्त 2021

पेफी के 13वें स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में विशेष अपील।

पेफी परिवार के राष्ट्रीय / राज्य / जिला इकाइयों के सभी सम्मानित सदस्यों को सादर नमस्कार,

सर्वप्रथम हम आप सभी की कुशलता की कामना करते हुए आप सभी के द्वारा देश में शारीरिक शिक्षा एवं खेलों के उत्थान के लिए किए जा रहे समस्त सकारात्मक प्रयासों के लिए आपका ह्रदय से आभार व्यक्त करते है और भविष्य में भी आपसे इस दिशा में निरंतर प्रयासरत रहते हुए हरसंभव प्रयास करते रहने की आशा करते है।

हमें आप सभी को सूचित करते हुए अत्यंत खुशी हो रही है कि आगामी दिनाँक 28 अगस्त 2021 को आपकी अपनी संस्था पेफी, फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया जो कि आप सभी के सहयोग से भारत सरकार के युवा मामले एवं खेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय खेल संवर्द्धन संस्था के रूप में मान्यता प्राप्त संस्था अपना 13वाँ स्थापना दिवस मनाने जा रही है और यह सुखद अवसर समस्त पेफी परिवार के सदस्यों के लिए गर्व का विषय है क्योंकि आप सभी के सहयोग एवं समर्पण ने पेफी नामक एक छोटे पौधे को आज वटवृक्ष के रूप में स्थापित कर दिखाया है, जो कि अपने आप में एक प्रशंसनीय प्रयास है, जिसके लिए हम पुनः आप सभी को बधाई देते है, आपका अभिनंदन करते है।

जैसा कि हम सभी को विदित है कि प्रतिवर्ष 29 अगस्त का दिन भारत के महान खिलाड़ी, हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद जी के जन्मदिन को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है और इस वर्ष यह दिवस अपने में अतिविशिष्ट है क्योंकि भारत सरकार ने खेलों के सर्वोच्च सम्मान (पुरुस्कार) का नाम मेजर ध्यान चंद खेल रत्न पुरस्कार कर दिया है, जो कि हॉकी के जादूगर को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने जैसा प्रतीत हो रहा है, अतः यह हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि इस दिवस को भी अपने राज्य/जिला इकाई द्वारा कुछ विशेष आयोजनों को आयोजित कर मनाएं।

इन दोनों विशेष अवसरों, अपने स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय खेल दिवस पर हम प्रत्येक राज्य/जिला इकाई से अपील करते है कि आप सभी कोरोना संक्रमण महामारी से सुरक्षा हेतु सरकार द्वारा जारी किए दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए इन विशेष अवसरों को अलग-अलग / एकसाथ ऑफलाइन / ऑनलाइन (जैसा भी संभव हो सके) उत्साह पूर्वक एक विशेष उत्सव के रूप में अवश्य मनायें और अपने आयोजन की कुछ खूबसूरत फोटोग्राफ सहित इसकी एक संक्षिप्त रिपोर्ट हमें **pefioffice@gmail.com** पर 5 सितंबर 2021 (शिक्षक दिवस) से पूर्व भेज दें, जिससे हम पेफी परिवार के द्वारा आयोजित किए गए आयोजनों को संकलित कर राष्ट्रीय समाचार के रूप में प्रचारित कर सकें।

नोट: पेफी की प्रत्येक राज्य/जिला इकाई के सभी सम्मानित सदस्य से अनुरोध है कि प्रचार-प्रसार की दृष्टि से इन दोनों अवसरों की पोस्ट, पोस्टर व बैनर तैयार कर उन पर अपने द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित कर, उसे सोशल मीडिया पर अधिक से अधिक शेयर अवश्य करें।

इस अपील को सार्थकता प्रदान करने के लिए सभी राज्य/इकाइयों का सहयोग सादर अपेक्षित है....!

सधन्यवाद



डॉ. पीयूष जैन
राष्ट्रीय सचिव
पेफी परिवार